सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों और सिक्किम के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए 10,200 करोड़ रुपए से अधिक एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है । इस योजना में उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में अनेक नए कार्यक्रम शामिल हैं। इससे इस क्षेत्र में आधारभूत व्यवस्था, विशेष रूप से विद्युत, सड़कों, रेलों, हवाई अड्डों और दूरसंचार के विकास की गति में अधिक वृद्धि आएगी । इस पहल का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य स्थानीय लोगों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करना है । इस क्षेत्र के विकास के लिए पड़ोसी देशों के साथ व्यापार को भी महत्व देना होगा ।

अक्तूबर के अंत में, उड़ीसा में आए भंयकर समुद्री तूफान से हजारों लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा और राज्य की जनसंख्या के बड़े भाग का सामाजिक और आर्थिक जन-जीवन तहस-नहस हो गया । प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने और उनके पुनर्वास के लिए सरकार के प्रयासों में मदद करने के लिए, पूरे देश ने उदारतापूर्वक योगदान दिया । हम सशस्त्र और अर्धसैनिक बलों, मौसम-विज्ञान विभाग, रेल, बन्दरगाह प्राधिकारियों और अन्य सरकारी विभागों तथा भारतीय खाद्य निगम जैसी एजेंसियों, राज्य सरकारों के साथ-साथ गैर सरकारी और धर्मार्थ संगठनों द्वारा भेजे गए राहत दलों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हैं। प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को काम करने के लिए, सरकार ने प्राकृतिक आपदा प्रबंध योजना तैयार करने हेतु एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है । यह प्राकृतिक आपदाओं से निपटने और उन्हें कम करने के लिए मौजूदा व्यवस्था की समीक्षा करेगी । यह संगठनात्मक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए उपाय सुझाएगी और राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर प्राकृतिक आपदा प्रबन्ध हेतु एक व्यापक माडल योजना तैयार करेगी ।

विश्व परिप्रेक्ष्य में, हम नियमानुसार, गैर-विभेदकारी बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की स्थापना के लिए कार्य करते रहेंगे जो सभी देशों के लिए उपयुक्त और समान हो । 'गैट' और 'विश्व व्यापार संगठन' का संस्थापक सदस्य होने के नाते, भारत ने पिछली सभी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार वार्ताओं और विश्व व्यापार संगठन की तीनों मंत्रिस्तरीय बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लिया है । भारत ने व्यापार संबंधों में अधिक समानता और एकरूपता लाने एवं असंगत विषयों को व्यापार से न जोड़ने के अपने मिशन को हमेशा सतत रूप से आगे बढ़ाया है । यदि गरीबों के हितों की अनदेखी की जाती है तो अर्थिक एकीकरण नहीं किया जा सकता । विकासशील देश होने ने नाते भारत इस वास्तविकता से अन्य सदस्य देशों को अवगत करा रहा है । हम उरुग्वै दौर की चर्चाओं में लिए गए निर्णयों के उचित कार्यान्वयन के लिए निरन्तर प्रयास रहेंगे ।

पाकिस्तान में सेना द्वारा हथियाने के बाद के महीनों में, पाकिस्तान समर्थित सीमापार आतंकवाद बढ़ा है, जिसका निशाना मुख्य रूप से हमारे सुरक्षा बल हैं। सीमापार से पाकिस्तानी गोलाबारी में भी वृद्धि हुई है । इन गतिविधियों से हमारे सुरक्षा बलों द्वारा लगातार चौकसी बरते जाने की आवश्यकता और स्पष्ट हो गई है । हालांकि आंतकवादी हमलों का खतरा ऐसा है जिसका असर भारत के सभी नागरिकों पर पड़ता है । हमें, अपने देश विरुद्ध निरन्तर चल रहे आतंकवादी अभियान को देखते हुए, एकजुट होकर सुरक्षा के प्रति और अधिक सजग रहना चाहिए । अपनी ओर से, सरकार, देश की बाह्य और आतंरक सुरक्षा के सभी खतरों के प्रति पूरी तरह सतर्क है । हम अपनी राष्ट्रीय अखण्डता और अपनी खुली, लोकतांत्रिक जीवन-शैली के प्रति किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं ।

मैं अपनी सेना के बहादुर जवानों और अफसरों का अभिनन्दन करता हूं, जो अपने परिवारों और प्रियजनों से कहीं दूर करगिल और अन्य क्षेत्रों में नियंत्रण रेखा पर सजग प्रहरी की भांति खड़े हैं । यह हमारी सेनाओं के अदम्य साहस, दृढ़ निश्चय और निष्ठा का प्रतीक है कि उन्होंने शून्य से 40 डिग्री सेल्सियस और उससे भी कम, जमा देने वाले तापमान को सहन करते हुए बर्फ से ढकी चोटियों पर जोखिम उठाकर पहरा दिया है। ये हमारे जवानों का साहस और कौशल ही है जिसकी वजह से हमारी सीमाएं वजह से हमारी सीमाएं शत्रु-सेनाओं से सुरक्षित हैं ।

सरकार द्वारा गठित सुब्रह्मणयम समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है । समिति का गठन उन घटनाओं व परिस्थितियों की जांच करने के लिए किया गया था जो करगिल और नियंत्रण रेखा के अन्य हिस्सों में पाकिस्तान की सशस्त्र घुसपैठ की पृष्ठभूमि में थीं । इस रिपोर्ट को इस सत्र के दौरान संसद में रखा जाएगा । सरकार समिति की सिफरिशों की गहराई से जांच करने के बाद सभी आवश्यक अनुवर्ती उपाय करने के लिए वचनबद्ध है ।

हमारे सैनिकों का साथ देने में हमारे रक्षा-वैज्ञानिकों और रक्षा-उत्पादन की इकाइयों का महत्वपूर्ण योगदान है । मुझे माननीय सदस्यों को सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि जब मैंने पिछली बार संसद के दोनों सदनों को संबोधित किया था, उसके बाद से हमारे रक्षा-वैज्ञानिकों ने अपनी उपलब्धियों में दो और प्रमुख सफलताएं हासिल की हैं । कम दूरी पर मार करने वाल, शीघ्रता से प्रतिक्रिया करने वाली और जमीन से हवा में वार

करने वाली मिसाइल, त्रिशूल का सफल परीक्षण किया गया है । रिमोट द्वारा नियंत्रित निशांत का भी सफल उड़ान परीक्षण किया गया है । हमारी रक्षा-उत्पादन इकाइयों ने सिद्ध कर दिया है कि उनमें अत्यन्त जटिल एवं प्रभावी सुरक्षा उपकरणों का उत्पादन करने की क्षमता है । गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष के पहले नौ महीनों में आयुद्धशालाओं में उत्पादन 33 प्रतिशत अधिक हुआ है ।

पाकिस्तान-समर्थित आतंकवादी एवं अलगाववादी गतिविधियों से प्रभावित कुछेक क्षेत्रों को छोड़कर, देश में कानून और व्यवस्था की स्थिति कुल मिलाकर संतोषजनक रही है । जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हिंसा की घटनाएं सर्वाधिक देखी गई हैं - विशेष रूप से करगिल में पाकिस्तान की हार और इस्लामाबाद में सेना द्वारा सत्ता हथियाने के बाद । केन्द्र एवं राज्य सरकार दोनों ने पाकिस्तानी सहायता प्राप्त आतंकवादियों और भाड़े के विदेशी सैनिकों द्वारा खड़ी की गई चुनौती का दृढ़तापूर्वक सामना किया है । हम जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववादी हिंसा का मुकाबला करने के लिए अपनी चहुंमुखी नीति जारी रखे हुए हैं, जिसके अंतगर्त लोकतांत्रिक प्रक्रिया को गहन बनाना, आर्थिक विकास तेज करना, भाड़े के विदेशी सैनिकों और आतंकवादियों को अलग-थलग करना और उन्हें समाप्त करने के लिए एक सकारात्मक भूमिका निभाना शामिल है। जम्मू-कश्मीर पुलिस को सुदृढ़ बनाने और उनका आधुनिकीकरण करने के अलावा, सरकार राज्य के सुरक्षा-संबंधी खर्च की क्षतिपूर्ति कर रही है एवं सामान्य योजना सहायता के अतिरिक्त, और वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है । मैं, जम्मू-कश्मीर और देश के कुछ अन्य भागों में आतंकवाद और उग्रवाद का सामना करने में अपनी सशस्त्र सेनाओं, अर्धसैनिक बलों और पुलिसकर्मियों के बहुमूल्य योगदान की सराहना करता हूं ।

सरकार हमारे देश के पंथनिरपेक्ष लोकाचारों को बनाए रखने तथा उन्हें और सुदृढ़ बनाने के लिए पूर्णयता प्रतिबद्ध है। पिछले कुद वर्षों में देश में साम्प्रदयिक सद्भावना में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है । पिछले दो वर्ष साम्प्रदायिक हिंसा से प्राय: मुक्त रहे । वर्ष 1999 में, इसमें और कमी आई । परिणामस्वरूप, साम्प्रदायिक घटनाओं में 10 प्रतिशत तक, मृतकों की संख्या में 32 प्रतिशत तक और घायलों की संख्या में 11 प्रतिशत तक की कमी देखने में आई है ।

सरकार उत्तरांचल, वनांचल तथा छत्तीसगढ़ राज्य बनाने के अपने वचन पर कायम है । इस उद्देश्य के लिए विधेयक संबंधित राज्य विधानसभाओं का उनके विचार जानने के लिए भेजे जा रहे हैं ।

अंतर्राज्यीय परिषद् का पुनर्गठन किया गया है । सरकार, विगत समय में इसके कामकाज के अनुभव के आधार पर, इसं केन्द्र तथा राज्य सरकारों एवं विभिन्न राज्य सरकारों के मध्य सामंजस्य बढ़ाने वाला एक प्रभावी मंच बनाएगी ।

हमारा अंतरिक्ष कार्यक्रम दूरसंचार, प्रसारण, मौसम विज्ञान, आपदा चेतावनी तथा प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण तंत्र स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है । भारत ने अपने दूरवर्ती प्रतिसंवेदी उपग्रहों को अपेक्षित ध्रुवीय सन-सिनक्रोनस कक्षा में स्थापित करने की स्वदेशी क्षमता अर्जित कर ली है । हम अब जियो-सिनक्रोनस उपग्रह छोड़ने वाले यान विकसित करने के पथ पर अग्रसर हैं । इनसेट तंत्र विश्व के सबसे बड़े घरेलू उपग्रह तंत्रों में से एक है तथा इसी श्रृंखला का अगला उपग्रह, इनसेट-3 बी छोड़े जाने के लिए तैयार है । मार्च-अप्रैल 2000 में इसको शुरू करने का कार्यक्रम है ।

सरकार जनकल्याण हेतु शान्तिपूर्ण उद्देश्यों के लिए नाभिकीय ऊर्जा के प्रयोग की नीति को जारी रखे हुए है । सभी नाभिकीय संयंत्र सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं तथा उनका औसत क्षमता घटक 75 प्रतिशत से बढ़कर 78 प्रतिशत हो गया है। कर्नाटक में कैगा पर स्थित भारत का 11वां नाभिकीय ऊर्जा रिएक्टर 21 सितम्बर, 1999 को प्रथम क्रांतिक स्तर पर पहुंच गया जिसे ग्रिड से जोड़ दिया गया है । रावतभाटा, राजस्थान में स्थित 12वां नाभिकीय ऊर्जा रिएक्टर 24 दिसम्बर, 1999 को प्रथम क्रांतिक स्तर पर पहुंच गया है ।

सरकार राष्ट्रीय विकास तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों में विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी का समर्थन करने के लिए पूर्णत: कृतसंकल्प है । किन्तु गम्भीर चिन्ता का विषय यह है कि पर्याप्त संख्या में युवा अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र को जीविका के रूप में नहीं अपना रहे । इस पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है । अपने उच्च प्रतिभा सम्पन्न युवाओं के लिए एक आकर्षक कैरियर सुनिश्चित करके हम इस प्रवृति को बदलने के लिए वचनबद्ध हैं जिससे कि वे भारत में रहकर काम करते हुए विश्वस्तरीय वैज्ञानिक अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी का विकास कर सकें ।

सरकार तीव्र गति से इलेक्ट्रानिक शासन-पद्धति की ओर अग्रसर होने के लिए भी वचनबद्ध है जिससे नागरिकों व सरकार में बेहतर तालमेल तथा बेहतर पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके । सरकार ने भारतीय भाषाओं में जनप्रयोग के लिए साफ्टवेयर विकसित व प्रोत्साहित करने के प्रयास सघन कर दिए हैं ताकि कम्प्यूटरों की उपलब्धता और उनके प्रयोग को बढ़ाया जा सके । मुझे खुशी है कि अनेक राज्य-सरकारों ने भी सूचना-प्रौद्योगिकी क्रांति के क्षेत्र में भारत को अग्रणी बनाने के केन्द्र सरकार के प्रयासों का समर्थन करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं ।

भारत की गुटनिरपेक्षता और शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व की विदेश नीति आज के बहु-ध्रुवीय विश्व के लिए प्रासंगिक है । यह हमारे अत्यावश्यक हितों की सुरक्षा और राष्ट्रीय आदर्शों को प्रोत्साहित करने वाले सिन्द्धातों पर आधारित है । अपने पड़ोसी देशों - नेपाल तथा बंगलादेश, श्रीलंका, म्यांमार, मालदीव तथा भूटान के साथ अपने मित्रतापूर्ण, घनिष्ठ, व्यापक तथा रचनात्मक संबंधों को निरन्तर बढ़ाने व घनिष्ठ करने की अपनी नीति को सरकार जारी रखे हुए हैं । इन देशों के साथ नियमित विचार-विमर्श से आपसी संबंधों को और मज़बूत करने तथा एक दूसरे के हितों, अतिसंवेदनशील मुद्दों तथा सरोकारों का पारस्परिक मूल्यांकन करने में बल मिला है ।

लेकिन, पाकिस्तान ने भारत विरोधी अपने शत्रुतापूर्ण प्रचार तथा सीमा पार से आतंकवाद को उकसाने व उसे सहयता देने की अपनी नीति को समाप्त करने के प्रति कोई रुचि नहीं दिखाई है। हाल ही में, काठमांडू से हुए इंडियन एयरलाइंस के एक विमान का अपहरण आतंकवादी गतिविधियों में पाकिस्तान की भूमिका को रेखांकित करता है । सरकार ने इसमें अपहरणकर्ताओं के पाकिस्तानी मूल के होने तथा काठमांडू में नियुक्त पाकिस्तानी अधिकारियों का हाथ होने के पुख्ता प्रमाण प्रस्तुत किए हैं । हम सचमुच आशा करते हैं कि पाकिस्तान भारत के प्रति शत्रुता की इस नीति को बदलेगा ताकि सामान्य सम्बन्ध पुन: स्थापित हो सकें ।

अफगानिस्तान में अमन और चैन की बहाली होना हमारे क्षेत्र में स्थायित्व के लिए महत्वपूर्ण है । स्वापक - आतंकवाद को रोकने के लिए भी यह आवश्यक है। सबसे बढ़कर, यह अफगानिस्तान की जनता के लिए आवश्यक है, जिनके साथ हमारे वर्षों पुराने संबंध हैं । अफगानिस्तान में शांति की बहाली केवल तभी हो सकती है जब काबुल में व्यापक जनाधार वाली सरकार का गठन हो, जिसमें सभी जातियों का प्रतिनिधित्व हो तथा पाकिस्तानी हस्तक्षेप समाप्त हो ।

हम मध्य एशिया, पश्चिम एशिया, खाड़ी के देशों तथा एशिया-प्रशान्त क्षेत्र के अपने विस्तारित पड़ोस के साथ संबंधों को और घनिष्ठ व व्यापक बनाते रहेंगे । हम अपने एशियाई पड़ोसी चीन के साथ अपने सम्बन्धों की कदर करते हैं । हम चीन के साथ अपने राजनयिक संबंधों की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ मनाएंगे । इस संदर्भ में मैं इस वर्ष मई में होने वाली चीन की अपनी राजकीय यात्रा की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहा हूं । हम आशा करते हैं कि मध्य पूर्व शान्ति प्रक्रिया से सन्तोषजनक निष्कर्ष निकलेगा । इज़राइल के साथ हमारे संबंध बढ़ते रहेंगे । भारत यूरोपीय संघ के साथ-साथ पूर्वी यूरोप के देशों के साथ भी अपने मित्रतापूर्ण संबंधों की कदर करता है जिनके साथ पारम्परिक मित्रता के हमारे संबंध हाल के वर्षों में और प्रगाढ़ हुए हैं । हम अफ्रीकी, लेटिन अमरीकी तथा कैरेबियन देशों के साथ अपने मित्रता संबंधों को और सुदृढ़ करेंगे ।

भारत, सोवियत संघ के साथ सामरिक भागीदारी में अपने घनिष्ठ और समय की कसौटी पर खरे उतरे संबंधों के दृढ़ होने की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहा है । हम सोवियत संघ के राष्ट्रपति की भारत-यात्रा और दोनों देशों के बीच सामरिक भागीदारी की उद्घोषणा पर हस्ताक्षर होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं ।

हाल ही के वर्षों में, युनाइटेड किंगडम, जर्मनी, जापान और फ्रांस के साथ हमारे संबंधों में संतोषजनक सुदृढ़ता आई है। उच्च स्तर पर लिए गए निर्णयों के फलस्वरूप, फ्रांस के साथ सामरिक महत्व की चर्चा आरम्भ हुई है जिसके उत्साहप्रद परिणाम सामने आए हैं । इंडो-फ्रेंच फोरम ने भी संस्कृति, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और व्यापार के क्षेत्रों में फ्रांस के साथ हमारे संबंधों में नई ऊर्जा का संचार किया है। इस वर्ष अप्रैल में होने वाली फ्रांस की अपनी राजकीय यात्रा की मुझे उत्सुकता से प्रतीक्षा है।

सरकार ने सुरक्षा की दृष्टि से परमाणु अस्त्रों की एक विश्वसनीय व न्यूनतम मात्रा को बनाए रखते हुए भारत से संबद्ध सुरक्षा, परमाणु अप्रसार और निरस्त्रीकरण जैसे मुद्दों पर अमरीका से गम्भीर वार्तालाप जारी रखा है। इस बातचीत का एक महत्वपूर्ण परिणाम संयुक्त कार्य दल की स्थापना का निर्णय है जो सीमापार से होने वाले आतंकवाद से निपटेगा। यह आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए एक खतरा है। हमें आशा है कि अगले महीने राष्ट्रपति क्लिंटन की भारत-यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों को एक विस्तृत आधार प्रदान करेगी और उनके बहुआयामी विस्तार का मार्ग प्रशस्त करेगी ।

भारत एक व्यापक एवं भेदभाव रहित आधार पर समयबद्ध तरीके से नाभिकीय हथियारों से मुक्त विश्व के लिए अपनी वचनबद्धता को पुनः दोहराता है। बहुपक्षीय निरस्त्रीकरण के लिए पहल-कदमी करते हुए संधियां निष्पादित करते समय, सरकार भारत की सामरिक स्वयातता अक्षुण्ण रखने की अनिवार्यता का पालन करती रहेगी ।

भूमंडलीय सुरक्षा के लिए बढ़ते हुए गैर-परम्परागत खतरों, विशेषतया अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के कारण बढ़ती चुनौतियों के लिए तत्काल अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि इनसे प्रभावी तरीके से निपटा जा सके । हम अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर एक व्यापक समझौते को शीघ्र स्वीकार करने एवं उसे अमल में लाने का आह्वान करते हैं । भारत, मानवता के विरुद्ध इस अपराध से लड़ने के किसी भी भूमंडलीय प्रयास में योगदान करेगा।

उच्च वृद्धि दर की प्राप्ति के संबंध में हमारी सोच केवल अमीर या मध्यवर्ग को लाभ पहुंचाने पर ही केन्द्रित नहीं है, बल्कि निर्धन वर्ग ही हमारे सभी विकास संबंधी प्रयासों का केन्द्र बिन्दु है। हमें यह मानना पड़ेगा कि हम अर्थव्यवस्था में उच्च वृद्धि दर प्राप्त किए बिना, आम आदमी की हालत में सुधार नहीं ला सकते । अर्थव्यवस्था के विस्तार से ही रोजगार के बढ़ते अवसर और सभी के लिए बढ़ती आय सुनिश्चित हो सकती है। जब तक भारत का सकल घरेलू उत्पाद प्रतिवर्ष 7 से 8 प्रतिशत की त्वरित दर से नहीं बढ़ता है, तब तक गरीबी और पिछड़ेपन से छुटकारा मिलने की कोई संभावना नहीं है। उच्च वृद्धि दर प्राप्त करके ही हम शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सफाई और सड़कों जैसे सामाजिक क्षेत्र के लिए अधिकाधिक संसाधन जुटा सकते हैं, विशेष तौर पर गांव और शहरी गंदी बस्ती के निवासियों के लिए । इस उद्देश्य के लिए, संसद के दोनों सदनों के सम्मुख मेरे पिछले संबोधन में रेखांकित सामाजिक एवं आर्थिक एजेंडा के कार्यान्वयन के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

माननीय सदस्यगण, संसद के पिछले शीतकालीन सत्र में वैधानिक कार्य के निष्पादन में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के बाद, आज हम बजट सत्र प्रारम्भ करते हैं । आम बजट एवं रेल बजट से संबंधित वित्तीय कार्य और दो अध्यादेशों को विधेयक बनाने की वैधानिक आवश्यकता के आलावा, हमारी अर्थव्यवस्था व समाज के सर्वांगीण विकास से संबंधित विधायी कार्य का एक व्यापक एजेंडा हमारे समक्ष है। सरकार इस एजेंडा को इसी सत्र में पूर्ण करने के लिए तत्पर है।

आप सबको मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

जयहिन्द

अपराह्न 1.03 बजे

निधन सम्बन्धी उल्लेख

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्यगण, हम लगभग दो माह के अन्तराल के बाद मिल रहे हैं । मुझे बड़े दुख के साथ सभा को हमारे भूतपूर्व सम्मानीय राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा तथा छह भूतपूर्व सहयोगियों, चौधरी हरि राम मक्कसर गोदारा, श्री हरि चरण सोय, श्रीमती उमा राय, सर्वश्री जगन्नाथ चौधरी, उमेद सिंह रधिया और संतोषराव गोडे के निधन की सूचना देनी है।

भारत के महान सपूत, डा. शंकर दयाल शर्मा विदेशी दासता से मुक्ति के लिए भारत के संघर्ष के अनुभवी व्यक्तियों में से एक थे और वे लगभग

सात दशकों तक देश के सामाजिक-राजनैतिक जीवन में अत्यधिक प्रभावशाली व्यक्ति रहे । वे स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान जेल भी गये।

डा. शंकर दयाल शर्मा अपने गृह राज्य, मध्य प्रदेश के राजनैतिक मामलों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे । वे 1952-56 के दौरान तत्कालीन भोपाल विधान सभा के सदस्य थे और उन्होंने 1952 से 1956 तक इस राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया । वे 1956 से 1971 तक मध्य प्रदेश विधान सभा के भी सदस्य रहे और उन्होंने 1956-67 के दौरान मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य किया । इसके अतिरिक्त उन्होंने विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों में विभिन्न पदों पर अपने गृह राज्य में सम्मान के साथ कार्य किया ।

उच्च स्तर के कर्तव्यनिष्ठ सांसद, डा. शर्मा पांचवीं और सातवीं लोक सभा के सदस्य थे । उन्होंने 1971 से 1977 तथा 1980 से 1984 तक मध्य प्रदेश के भोपाल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 1974 से 1977 तक केन्द्रीय मंत्रिपरिषद में संचार मंत्री के रूप में अपनी राजनैतिक कुशलता और प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया। उन्होंने तीन राज्यों में राज्यपाल के पद को भी सुशोभित किया ।

वह 1987 में भारत के उप-राष्ट्रपति तथा राज्य सभा के पदेन सभापति के उच्च पद के लिए चुने गये । उनका लंबा और उत्कृष्ट सार्वजनिक जीवन उस समय अपने चरम पर पहुंचा जब उन्होंने 1992 में राष्ट्रपति का सर्वोच्च पद ग्रहण किया । अपनी संस्कृति, पांडित्य और अति विनम्रता से उन्होंने इस पद की मर्यादा बढ़ायी । उनमें तनाव और संकट के क्षणों में संतुलन बनाए रखने का गुण था ।

उन्हें राष्ट्र के प्रमुख अथवा एक सामान्य नागरिक के रूप में हर जगह उनकी मिलनसार प्रकृति के कारण प्रशंसा और स्नेह मिला।

बहु आयामी व्यक्तत्व के धनी डा. शर्मा ने राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति के रूप में विभिन्न देशों की अपनी अनेक यात्राओं के दौरान भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उजागर किया । उनका नाम भारत के राजनैतिक इतिहास के पन्नों में हमेशा अंकित रहेगा ।

डा. शंकर दयाल शर्मा का निधन 81 वर्ष की आयु में 26 दिसम्बर, 1999 को नई दिल्ली में हुआ । उनकी मृत्यु से राष्ट्र ने अदभुत गुण वाले राजनेता, अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी, सच्चे लोकतंत्रवादी, योग्य सांसद, कुशल प्रशासक और विद्धान तथा इन सब से बढ़कर एक प्रसन्नचित व्यक्तित्व को खो दिया है । यद्यपि डा. शर्मा हमारे बीच नहीं हैं, उनकी यादें आने वाले कई वर्षों में हमारे साथ रहेंगी ।

चौधरी हरि राम मक्कसर गोदारा 1977 से 1979 तक छठी लोक सभा के सदस्य थे जिसमें उन्होंने राजस्थान के बीकानेर संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

एक योग्य सांसद, श्री गोदारा 1977-78 के दौरान अधीनस्थ विधान संबंधी समिति के सदस्य थे ।

व्यवसाय से कृषक, श्री गोदारा ने समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण और उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया । वे भूमिहीन कृषकों को भूमि दिलाने के लिए चलाये गये कृषि आंदोलन में सक्रिय रूप से जुड़े रहे ।

एक सक्रिय सामाजिक और राजनैतिक कार्यकर्ता, श्री गोदारा विभिन्न गांवों में कई स्कूलों को चलाने में सक्रिय रूप से संबद्ध थे । उन्होंने राजस्थान में अकाल के दौरान लोगों को मदद दी ।

चौधरी हरि राम मक्कसर गोदारा का निधन 90 वर्ष की आयु में उनके पैतृक गांव मक्कसर तहसील-जिला हनुमानगढ़ में 11 सितम्बर, 1999 को हुआ ।

श्री हरिचरण सोय तीसरी लोक सभा के सदस्य रहे और उन्होंने बिहार के सिंहभूम संसदीय क्षेत्र का 1962-67 तक प्रतिनिधित्व किया ।

इसके पूर्व श्री सोय 1957-62 और 1969-72 तक बिहार विधान सभा के सदस्य रहे ।

पेशे से किसान श्री सोय ने सदन की कार्यवाही में गहरी रुचि ली। वे 1963-64 के दौरान प्राक्कलन समिति और 1963-65 के दौरान याचिका समिति के सदस्य रहे।

एक सक्रिय सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता श्री सोय ने समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण और उत्थान के लिए अथक प्रयास किया।

श्री हरिचरण सोय का निधन 77 वर्ष की आयु में 7 अक्तूबर, 1999 को ग्राम गोपडीह, जिला पश्चिम सिंहभूम, बिहार में हुआ ।

श्रीमती उमा राय चौथी लोक सभा की सदस्य रहीं और उन्होंने पश्चिम बंगाल के माल्दा संसदीय-क्षेत्र का 1967-70 तक प्रतिनिधित्व किया ।

इसके पूर्व श्रीमती राय 5 जून, 1966 को माल्दा से पश्चिम बंगाल विधान परिषद की सदस्य चुनी गई थी । एक सक्रिय सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता, श्रीमती राय ने महिलाओं के कल्याण और उत्थान के लिए अथक प्रयास किया । वह अनेक शैक्षणिक और सामाजिक संगठनों से सक्रिय रूप से जुड़ी रही ।

उन्होंने पश्चिम बंगाल समाज कल्याण बोर्ड, खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड ओर पश्चिम बंगाल राष्ट्रीय बचत संगठन के सदस्य के रूप में भी सेवा की ।

श्रीमती उमा राय का निधन 80 वर्ष की आयु में 19 दिसम्बर, 1999 को मोकदमपुर, पश्चिम बंगाल में हुआ ।

श्री जगन्नाथ चौधरी आठवीं लोक सभा के सदस्य रहे और उन्होंने उत्तर प्रदेश के बलिया संसदीय क्षेत्र का 1984-89 तक प्रतिनिधित्व किया।

इसके पूर्व श्री चौधरी 1957-77 तक उत्तर प्रदेश विधान सभा और अप्रैल, 1984 से दिसम्बर, 1984 तक विधान परिषद के सदस्य रहे ।

एक कृषक और सक्रिय राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री चौधरी ने उत्तर प्रदेश राज्य सरकार में अनेक मंत्री पदों पर रहते हुये अपने गृह राज्य की समुचित सेवा की उन्होंने राज्य विधान मण्डल में प्रश्न और संदर्भ समिति के चेयरमैन के रूप में भी कार्य किया ।

श्री जगन्नाथ चौधरी का निधन 77 वर्ष की आयु में 31 दिसम्बर, 1999 को बलिया, उत्तर प्रदेश में हुआ ।

श्री उमेद सिंह रधिया पांचवीं लोक सभा के सदस्य रहे और उन्होंने मध्य प्रदेश के रायगढ़ संसदीय क्षेत्र का 1971-77 तक प्रतिनिधित्व किया। इसके पूर्व श्री रधिया 1957-62 और 1967-71 में मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे।

श्री रधिया पेशे से किसान थे और उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण और उत्थान के लिए निरन्तर कार्य किया।

श्री रधिया एक सक्रिय सामाजिक और राजनैतिक कार्यकर्ता थे और वह खादी ग्रामीण उद्योग गुड़ खांडसारी सोसायटी के अध्यक्ष और "लैंड मार्टगेज बैंक" के निदेशक भी रहे ।

श्री उमेद सिंह रधिया का 25 जनवरी, 2000 को 77 वर्ष की आयु में उनके पैतृक स्थान पर निधन हुआ ।

श्री संतोषराव गोडे छठी लोक सभा के सदस्य थे और उन्होंने महाराष्ट्र में वर्धा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का 1977-1979 तक प्रतिनिधित्व किया।

उन्होंने अपने सक्रिय सार्वजनिक जीवन के दौरान अपने राज्य में विभिन्न पदों पर कार्य किया । उन्होंने विभिन्न स्थानीय विकास निकायों में भी कार्य किया । उनकी ग्राम विकास और नियोजन में विशेष रुचि थी । सुयोग्य संसदविद श्री गोडे सभा की कार्यवाही में गहरी रुचि लेते थे ।

श्री संतोषराव गोहे का 6 फरवरी, 2000 को महाराष्ट्र में बोरधारन, जिला वर्धा में 74 वर्ष की आयु में निधन हुआ ।

हम अपने इन मित्रों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं । मुझे विश्वास है कि सभा शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करने में मेरे साथ है ।

अब माननीय प्रधान मंत्री बोलेंगे ।

[हिन्दी]

प्रधान मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी) : अध्यक्ष महोदय, पूर्व राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा तथा सदन के अन्य सदस्यों के दुखद देहावसान पर आपने जो दुखाभिव्यक्ति की है, मैं स्वयं को उसके साथ सम्बद्ध करता हूं । डा. शंकर दयाल शर्मा भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष थे । अपनी प्रतिभा से, अपने परिश्रम से और अपने पांडित्य से उन्होंने हमारे सार्वजनिक जीवन पर एक अमिट छाप छोड़ी और अक्षय कीर्ति के भागीदार हुए । उनका भोपाल से संबंध था । भोपाल उनका जन्म स्थान था लेकिन शिक्षा का क्षेत्र उनका लखनऊ का रहा । भोपाल में उत्तरदायी शासन स्थापित करने के लिए जो संघर्ष चला था, उसमें डा. साहब ने आगे बढ़कर भाग लिया था, बंदी बनाये गये थे और भोपाल जाकर बाद में वह मुख्यमंत्री बने । लेकिन लखनऊ के साथ उनका नाता अटूट था । वकालत की शुरूआत उन्होंने लखनऊ में ही की थी । वहां छात्र रहे और बाद में लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्यापक भी रहे । एक असाधारण दृश्य था । छात्र के नाते वह बड़े लोकप्रिय थे । वह छात्र संघर्ष की गतिविधियों में भाग लेते थे, खेलकूद में अग्रणी थे और इस सब के साथ परीक्षाओं में सर्वप्रथम आते थे, एक रिकार्ड कायम किया था । स्वंतत्रता आंदोलन में भाग लेने के साथ-साथ साहित्य, कला, संस्कृति और आध्यात्म में उनकी बड़ी रुचि थी । उन्होंने इस क्षेत्र में भी सरस्वती के पुत्र के नाते अपना योगदान दिया । शायद डा. शर्मा एक ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे ।

वे विधान सभा में रहे, फिर लोक सभा में रहे, फिर राज्य सभा में रहे । प्राय: सभी पद उनकी सेवाओं के लिए उन्हें मिले । वे मुख्यमंत्री रहे, केन्द्र में मंत्री रहे, बाद में राज्यपाल रहे, उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति रहे । कोई पद उनसे छूटा नहीं, लेकिन हर पद की गरिमा को उन्होंने कायम किया, हर पद पर मर्यादा का ध्यान रखा और ऐसे नाजुक लेकिन दूरगामी निर्णय किये जो भविष्य में भी उद्धृत और उल्लिखित किये जायेंगे । आज वे हमारे बीच में नहीं हैं लेकिन उनके जीवन और कार्य हमेशा हमें प्रेरणा देते रहेंगे । कृपया श्रीमती विमला शर्मा और उनके परिवार तक तथा अन्य दिवंगत सदस्यों के परिवारों तक सारे सदन की संवेदनाएं पहुंचा दें ।

[अनुवाद]

श्रीमती सोनिया गांधी (अमेठी) : अध्यक्ष महोदय, मैं भारत के प्रतिष्ठित व आदरणीय सपूत को श्रृद्धांजलि देने में कांग्रेस पार्टी और अपनी ओर से प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्त भावना से अपने को संबद्ध करती हूँ । डा. शंकर दयाल शर्मा का दीर्घ जीवन लोगों और राष्ट्र के प्रति सेवा और समर्पण का जीवन था, उन्होंने स्वाधीनता संग्राम में भाग लिया । इसलिए वे आरंभ से ही कांग्रेस से जुड़े थे ।

उन्होंने नाजुक घड़ी में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद पर कार्य किया और उन्होंने यह कार्य बड़े उत्साह से किया । संसद सदस्य, केन्द्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, उपराष्ट्रपति और अन्तत: राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने हमारे राष्ट्रीय जीवन में अमूल्य योगदान दिया और हमारे राजनीतिक और विधायी संवदा के स्तर को उदात्त स्वरूप प्रदान किया । उनकी विद्वता, उनका पांडित्य और धर्मनिरपेक्षता के प्रति अटूट आस्था हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत थी । वे भारत की मिलीजुली संस्कृति के सच्चे प्रतिनिधि थे और उन्होंने अपनी रुचि के प्रत्येक कार्य और क्षेत्र में स्वयं को प्रतिष्ठित किया । उनका व्यक्तित्व सौम्य, शिष्ट और हास-परिहास से परिपूर्ण था । उन्हें हमारे इतिहास, विश्व इतिहास व हमारी विरासत का गहन ज्ञान था । मेरा मानना है कि वे न केवल हमारे देश के महान नागरिक थे अपितु विश्व के एक महान नागरिक भी थे ।

इस अवसर पर मैं श्रीमती विमला शर्मा और उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूँ । इस अवसर पर मैं कांग्रेस पार्टी की ओर से और अपनी ओर से इस सभा के उन माननीय सदस्यों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति भी अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूँ जिनका निधन पिछले सत्र की समाप्ति के बाद की अवधि के दौरान हुआ है ।

श्री सोमनाथ चटर्जी (बोलपुर) : अध्यक्ष महोदय, अपनी पार्टी और अपनी ओर से मैं उन सहयोगियों के बारे में कही गई बातों से संबद्ध करता हूँ जिनका निधन अन्तरसत्रावधि में हुआ और उनकी स्मृति में मैं श्रृद्धान्जलि अर्पित करता हूँ ।

यह हमारा सौभाग्य रहा है कि डा. शंकर दयाल शर्मा यहां हमारे सहयोगी के रूप में रहे और फिर विभिन्न पदों पर रहते हुए हमें उन्हें जानने का अवसर मिला । महान विद्धान, सच्चे शिक्षार्थी और परम्पराओं का निर्वाह करने वाले डा. शर्मा एक सच्चे राजनेता भी थे । जो कोई भी उनके निकट आया उसने पाया कि उनके मन में देश के कमजोर वर्गों के प्रति दया है । हमारे संविधान के मूल तत्वों और असंवैधानिक व्यवस्था के प्रति वचनबद्ध और धर्मनिरपेक्षता के प्रति समर्पित डा. शर्मा ने अपना जीवन हमारे देश के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित किया। वे इस देश के सर्वोच्च पदों पर भव्यता से सुशोभित रहे और उन्हें नए आयाम प्रदान किए ।

संसद के माननीय सदस्यों से उन्हें गहरा प्रेम था । हमें वे अवसर याद है जब हमने जलपान के लिए उनके आमंत्रणों को स्वीकार किया था । वे आमंत्रण प्रतिकात्मक थे किन्तु वास्तव में वे उन अवसरों पर संसद सदस्यों से विचारों का आदान-प्रदान करना चाहते थे । हम उनसे अच्छी सलाह और मार्गनिर्देशन लिया करते थे । उनके निधन से हमने एक महान भारतीय, भारत की संस्कृति के एक महान स्तम्भ और एक सच्चे राजनेता को खोया है । मैं उनके निधन पर शोकाकुल हूँ ।

उनकी मोहक मुस्कान और दूसरों के प्रतिप्रेम की भावना को भुलाना कठिन है । जो व्यक्ति उनके पास आसानी से जाता था वे उनके दिल पर छा जाते थे । जो भी व्यक्ति उनसे मिला उसके दिल में एक महान व्यक्ति, एक महान भारतीय और एक महान् मनुष्य के लिए वास्तविक आदर व सम्मान होता था । उनकी उपस्थिति और उनके मार्गनिर्देशन के बिना आगे बढ़ने के बारे में सोचना बहुत कठिन है । दुर्भाग्यवश हमारे देश में उनकी क्षमता के नेता दिनों दिन कम होने जा रहे हैं और यह एक चिन्ता का विषय है । उनके मन में संकीर्णता नहीं थी उन्होंने कभी ऐसा दृष्टिकोण नहीं दर्शाया जो हमारी राजनीति, हमारे देश की महानता को प्रभावित करता और वही हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत थी ।

मैं श्रीमती शर्मा और उनके परिवार के प्रति गहन सहानुभूति व्यक्त करता हूं । मैं उन बातों के साथ भी स्वयं को संबद्ध करता हूँ जो आपने उन पूर्व सदस्यों के बारे में कही हैं जिनका निधन हुआ है और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता हूँ ।

श्री के. येरननायडू (श्रीकाकुलम) : अध्यक्ष महोदय, तेलुगू देशम पार्टी और अपनी ओर से मैं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा द्वारा देश के लिए किए गए त्याग के बारे में माननीय प्रधानमंत्री और अन्य नेताओं द्वारा व्यक्त भावनाओं से स्वयं संबद्ध करता हूँ।

डा॰ शर्मा ने अनुकरणीय राजनीतिक जीवन व्यतीत किया और वे हमारे आदर्श हैं । आप जानते हैं कि जब वे आंध्र प्रदेश के राज्यपाल थे उस समय मैं आंध्र प्रदेश विधान सभा का सदस्य था । उस समय एन. टी. रामाराव सरकार को बहाल कर उन्होंने लोकतंत्र को एक नया जीवन दिया था ।

वे आंध्र प्रदेश के लोगों के प्रति स्नेह रखते थे । वे तिरुपति में भगवान वेंकटेश्वर के पक्के अनुयायी थे । जब वे आंध्र प्रदेश के राज्यपाल थे वे अक्सर इस मंदिर में जाते थे । मैं पुनः अपनी ओर से और अपनी पार्टी की ओर से डा॰ शंकर दयाल शर्मा के शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ ।

[हिन्दी]

श्री मुलायम सिंह यादव (सम्भल) : अध्यक्ष महोदय, स्वर्गीय भूतपूर्व राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा के संबंध में माननीय प्रधानमंत्री जी ने और सभी नेताओं ने जो भी विचार व्यक्त किये हैं, मैं अपने और अपने दल के सदस्यों को उनसे सम्बद्ध करता हूं । स्व. शर्मा जी के बारे में जो कहा गया है, वह बहुत कम है । अफसोस की बात यह है कि आज राजनैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है और ऐसे महान् नेता, जो हमारे लिये आदर्श रहे हैं, ने अपने जीवन में राजनैतिक मूल्यों को बनाये रखा । वह पीढ़ी जो गांधी जी के नेतृत्व की पीढ़ी थी, वह धीरे-धीरे खत्म हो रही है । इसलिये आज डा. शर्मा और उनके आदर्शों के प्रति हमारी पूरी आस्था है । यह मेरा सौभाग्य था कि उन्होने मेरे प्रति एक अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए थे जो हमारे लिये प्रेरणादायक हैं । हम जैसे लोग और तमाम लोग ऐसे समाज से निकले हुये हैं । यह मालूम पड़ता था कि उनके दिल में उपेक्षित लोगों के लिये कितनी गहरी चिन्ता थी । वे वर्तमान राजनैतिक स्थिति के बारे में चर्चा करते समय द्रवित हो जाते थे, दुखी हो जाते थे । राष्ट्रपति होते हुये भी इतना जरूर कहते थे कि यह कहना नहीं लेकिन कई मौकों पर उन्होंने खुलकर बातें कही थीं । जहां तक उनकी योग्यता की बात है, वे शिक्षाविद् थे और सारे देश की समस्याओं के बारे में तथा विश्व के बारे में चिन्ता करते थे । जैसी उनकी सूझ-बूझ थी, जानकारी थी, ऐसे बहुत कम नेता और इसान हमारे देश के अंदर हुये हैं । उनके समक्ष हम कहा करते थे कि वे कितने विद्वान थे और उनका हृदय बड़ा विशाल था। देशभक्ति उनके अंदर कूट-कूटकर भरी हुई थी, चाहे इसमें राष्ट्रभाषा का सवाल ही क्यों न हो । शायद माननीय सदस्यों को मालूम होगा कि जब डा. शर्मा उप-राष्ट्रपति थे, आगरा में एक अवसर पर हम दोनों उस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिये गये थे । हम जानते थे कि भाषण लिखकर रखा हुआ था लेकिन उन्होंने देश की समस्याओं और राष्ट्रभाषा के बारे में खुलकर अपने विचार व्यक्त किये थे और अपनी राय भी रखी थी । हम आजादी के इतने समय बाद भी राष्ट्रभाषा नहीं बना पाये, उन्होंने इस बात पर चिन्ता व्यक्त की थी ।

इसलिए हमें नज़दीक से उनके साथ काम करने का मौका भी मिला है । कभी-कभी उनसे हमने अपनी नाराज़गी भी ज़ाहिर की लेकिन उन्होंने कभी भी उन बातों को मन में नहीं रखा । वे परंपराएं टूट रही हैं जब हर सत्र के अवसर पर राष्ट्रपति सांसदों को बुलाकर चाय-नाश्ते पर खुलकर बात करते थे और कभी-कभी हम लोगों को ज़बर्दस्ती अपने हाथ से खिलाते थे । ये उनकी आत्मीयता, उनकी सादगी और जीवन की व्यावहारिकता थी । जो हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बनेगी । उन्होंने जो परिश्रम किया उससे जीवन में विभिन्न पदों पर रहकर भी उन्होंने अपनी पहचान बनाए रखी । ऐसे महान नेता, महान शिक्षाविद्, महान समाज-सुधारक और हर क्षेत्र में ज्ञान रखने वाले आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके कार्य हमारे देश की आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बनेंगे । हम पुनः अपनी तरफ से, समाजवादी पार्टी की ओर से शर्मा जी

की धर्मपत्नी और परिवार के सदस्यों तथा सगे-संबंधियों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हैं ।

कुमारी मायावती (अकबरपुर) : माननीय अध्यक्ष जी, डॉ. शंकर दयाल शर्मा जी के निधन पर मैं अपनी पार्टी की ओर से संवेदना प्रकट करती हूँ । मुझसे पूर्व उनके जीवन के बारे में और उनके कार्यों के बारे में जो प्रकाश डाला गया, विभिन्न पार्टियों के नेताओं द्वारा, उनसे अपने आपको संबद्ध करते हुए मैं उनके बारे में यह बताना चाहती हूँ कि 1995 में मुझे उनसे मिलने का मौका मिला और लगभग एक घंटे उनसे बातचीत हुई थी । बातचीत करने के बाद मैंने जो महसूस किया उनके स्वभाव के बारे में, कि वह बहुत ही अच्छे और नरम स्वभाव के तथा सबको ऐडजस्ट करके चलने वाले व्यक्ति थे । उनके निधन पर हमारे देश में एक कमी जरूर महसूस हुई है। मैं अपनी पार्टी की ओर से यह कहना चाहूंगी कि उनके परिवार को और उनके जो भी मिलने वाले हैं, उनके साथ हमारी सरकार का भी सहयोग रहे । उनके निधन पर मैं दु:ख प्रकट करते हुए उम्मीद करती हूं और कुदरत से दुआ करती हूं कि उनके परिवार को हर प्रकार से शांति मिले, उनके रास्ते में कोई दुख-तकलीफें न आएं ।

[अनुवाद]

श्री पी.एच. पांडियन (तिरूनेलवेली) : अध्यक्ष महोदय, अपनी ओर से तथा अन्नाद्रमुक पार्टी के ओर से प्रधानमंत्री जी, विपक्ष की नेता, और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा जो उद्गार व्यक्त किए हैं उनसे मैं स्वयं को संबद्ध करता हूँ।

डॉ. शंकर दयाल शर्मा जी एक महान राजनेता थे उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन का देश पर कुर्बान किया, वे विद्धान व्यक्ति थे, वे सभी संवैधानिक पदों पर विराजमान रहे । 1987 में जब वे राज्य संभा के सदस्य थे तो मैं तमिलनाडु विधान सभा का अध्यक्ष था तब मुझे उनसे मिलने का मौका मिला था, उन्होंने संसद की संप्रभुता की रक्षा के लिए अपनी स्वतंत्रता का पूरा प्रयोग किया । एक बार जब वे राज्य सभा में पीठासीन थे तो एक मंत्री ने उन्हें सलाह देने का प्रयास किया था उन्होंने यह कहते इस सलाह को अस्वीकार कर दिया था कि वे कई वर्षों तक सदन के सदस्य रहे हैं और उन्हें गहन अनुभव प्राप्त है । सभा के भीतर और बाहर उनका ऐसा आचरण था ।

जैसा कि अभी कुछ देर पहले भी येरननायडू ने कहा है कि जब वे आंध्र प्रदेश के राज्यपाल थे, उन्होने श्री एन.टी. रामराव सरकार को बहाल किया था, वह उनके साहस और लोकतंत्र में विश्वास को दर्शाता है। अपने संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन में यह एक राज्यपाल का विलक्षण गुण है ।

आजकल ऐसे व्यक्तित्व नहीं हैं। युवा पीढ़ी को डॉ. शंकर दयाल शर्मा के जीवन से साहस, निष्ठा, चरित्र, विद्वता व पांडित्य की सीख लेनी चाहिए ।

अपनी पार्टी और अपनी ओर से मैं शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं ।

श्री पूर्णो ए. संगमा (तुरा) : अध्यक्ष महोदय, मैं स्वयं को सदन के नेता, विपक्ष की नेता व अन्य सहयोगियों द्वारा व्यक्त भावनाओं से संबद्ध करता हूं ।

स्वर्गीय डॉ. शंकर दयाल शर्मा जैसे व्यक्तित्व का वर्णन करना बहुत कठिन है । नि:संदेह वे भारत के सबसे अधिक विद्धान राजनीतिज्ञों में से एक थे । ऐसे विद्धान व्यक्ति होने के बावजूद इस देश के आम आदमी से संपर्क बनाने की उनकी क्षमता चकित करने वाली थी ।

1974 में जब मैं युवक कांग्रेस का कार्यकता तब मुझे पहली बार उनसे मिलने का अवसर मिला था । उस समय डॉ. शंकर दयाल शर्मा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष थे । हम उनसे मिले थे । हमारे प्रति उनका व्यवहार बहुत अच्छा था, उन्होंने हमें अत्यधिक प्रेरित व प्रोत्साहित किया कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में सत्तारूढ़ क्षेत्रीय दलों का मुकाबला युवा वर्ग नहीं कर सका किंतु हमने अपनी पार्टी को संगठित किया ।

डॉ. शंकर दयाल शर्मा के एक अन्य गुण विनम्रता का मैं प्रशंसक हूँ । 1980 में जब मैं उद्योग मंत्री था तो डॉ. शंकर दयाल शर्मा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की 20 सूत्रीय कार्यान्वयन समिति के चेयरमैन थे।

मुझे डॉ. शर्मा के साथ देश के अनेक भागों विशेषरूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र की यात्रा करने का अवसर मिला । उनके विनम्र स्वभाव से मैं अत्यधिक प्रभावित था । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री रहते हुए वे कभी भी आगे नहीं जाते वे हमेशा पीछे डटे रहते और उन दिनों वे हम जैसे युवा लोगों के लिए वास्तव में प्रेरणास्रोत थे । निश्चिततौर पर वे हमारे सर्वाधिक सत्कारशील राजनीतिज्ञों में से एक थे । वस्तुत: मैं उनसे कहा करता था : आप अतिथेय में इतने आगे क्यों रहते हैं। इस कद-काठी के नेता का निधन हम सभी व देश के लिए एक बड़ी क्षति है । मैं सर्वशक्तिमान ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उनकी आत्मा को शांति मिले । अपनी पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से मैं श्रीमती शर्मा व शोक संतप्त परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और साथ ही अन्तरसत्रावधि के दौरान जिन अन्य सदस्यों का निधन हुआ है उनके शोक संतप्त परिवारों के प्रति भी संवेदना व्यक्त करता हूँ ।

श्रीमती कृष्णा बोस (जादवपुर) : अध्यक्ष महोदय, अपनी नेता कुमारी ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के मेरे सभी सहयोगियों की ओर से यहां पर सभी माननीय सदस्यों द्वारा व्यक्त भावना के साथ मैं स्वयं को संबद्ध करना चाहती हूं । हम अन्तर-सत्रावधि में दिवंगत हुई आत्माओं प्रख्यात व्यक्तियों को श्रृद्धान्जलि देते हैं ।

मैं डा. शंकर दयाल शर्मा को विशेष श्रृद्धान्जलि देती हूँ, जैसा मेरे कुछ सहयोगियों ने कहा है कि हमें याद है कि उनके साथ जलपान पर हुई बैठकें कितनी स्नेहपूर्ण होती थी । हमारे प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के लिए जलपान बैठकें बहुत विशेष हुआ करती थी । उनके बाद हमने पाया कि डा. शंकर दयाल शर्मा ही हमें विभिन्न जलपान बैठकों पर बुलाते रहते थे जहां पर हम राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति पर विचारों का आदान प्रदान करते थे । इस सभी बातों से बढ़कर वे एक विनोदपूर्ण व्यक्ति थे और उन बैठकों के दौरान उनके द्वारा कही गई सभी विनोदपूर्ण बातें मुझे याद हैं।

मुझे उनसे मिलने का विशेष सौभाग्य प्राप्त हुआ था जब कभी मैं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के लिए किए गए किसी कार्य के संबंध में उनसे मिलने गई तो उन्होंने मेरी बात पर तुरंत कार्यवाही की । नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जन्मशदी के दौरान एक ऐसी मुलाकात के दौरान जब हमने उनसे विशेष संकलन - "एसेंशियल राइटिंग्स ऑफ सुभाष चन्द्र बोस" को जारी करने का अनुरोध किया तो उन्होंने खुशी-खुशी एक समारोह आयोजित किया और इसे राष्ट्रपति भवन में जारी किया ।

हम उन्हें बड़े स्नेह से याद करते हैं । राजनीतिज्ञ और राजनेता होने के अलावा वे विद्धान व्यक्ति थे । मैं श्रीमती शर्मा, उनके परिवार के सदस्यों तथा उन परिवारों के सदस्यों के प्रति भी अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूँ जिनके निकट संबंधियों का हाल ही में निधन हुआ है ।

[हिन्दी]

श्री अनंत गंगाराम गीते (रत्नागिरि): अध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा जी के बारे में प्रधान मंत्री जी ने, विपक्ष के नेता ने, विरोधी नेताओं ने अपनी जा भावनायें यहां पर व्यक्त की हैं, उससे मैं अपनी पार्टी और अपने आपको जोड़ता हूं । श्री शंकर दयाल शर्मा जी को महाराष्ट्र से बहुत लगाव था और जब भी वह महाराष्ट्र में आते थे, तो शिरडी के सांई बाबा के दर्शन करने जरूर जाते थे, पंढरपुर जाते थे । मैं ग्यारहवीं लोक सभा से इस सदन का सदस्य हूं और ग्यारहवीं लोक सभा की अवधि में हमें कई बार राष्ट्रपति भवन जाने का मौका मिला।

राज्यवार सदस्यों को बुलाते थे, चाय पर आमंत्रित करते थे । देश के अंदर जो राजनीतिक स्थिति है, उस पर भी चर्चा होती थी और राज्यों की समस्याओं पर भी डा. शंकर दयाल शर्मा जी चर्चा करते थे । उन्हें कई भाषाओं का भी ज्ञान था । वे मराठी अच्छी जानते थे, अच्छी बोलते थे। एक महान् देशभक्त थे। उन्हें देश के सर्वोच्च पद पर विराजमान होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था और उन्होंने हर पद को सम्मानित किया । लेकिन उन्हें जब हम जैसे नए सांसद भी मिलने जाते थे तो सबसे बड़े प्यार से बातें करते थे। समस्याओं को समझने की कोशिश करते थे।

आज डा. शंकर दयाल शर्मा जी संसार में नहीं हैं । उनका आदर्श देश में, चाहे सामाजिक क्षेत्र हो, राजनैतिक क्षेत्र हो, इस क्षेत्र में काम करने वाले हम जैसे जा कार्यकर्ता हैं, उनके लिए उनका जीवन एक आदर्श है । मैं उनके परिवार के दुख में अपनी पार्टी और अपने आपको सम्मिलित करता हूं ।

[अनुवाद]

श्रीमती गीता मुखर्जी (पंसकुरा) : अध्यक्ष महोदय, शोक संवेदना के रूप में प्रधान मंत्री, विपक्ष की नेता और अन्य दलों के नेताओं द्वारा व्यक्त भावनाओं से मैं स्वयं को संबद्ध करता हूं ।

डा. शर्मा भारत के महान सपूत थे । वे विद्धान व्यक्ति थे और एक सफल प्रशासक रहे हैं। वे वंचित वर्ग के प्रति चिंतित रहते थे । मुझे याद है कि महिलाओं की मांगों को लेकर हम अक्सर उनके पास जाते थे और हमारे प्रति उनका रुख सहानुभूतिपूर्ण होता था। इसी तरह वे समाज के अन्य वंचित वर्गों के प्रति भी सहानुभूति रखते थे। जैसा कि अनेक सदस्यों ने कहा है कि जलपान बैठकों के दौरान ऐसे उच्च पदासीन व्यक्ति बहुत कम देखे हैं जो बहुत ही स्नेही थे ।

महोदय अपनी पार्टी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और अपनी ओर से मैं श्रीमती शर्मा के प्रति हार्दिक संवदेना व सहानुभूति व्यक्त करती हूँ । मैं उन अन्य सहयोगियों के प्रति भी गाके संवेदना व्यक्त करती हूँ जिनका निधन अन्तरसत्रावधि में हुआ और उनके परिवारों के साथ मेरी सहानुभूति है।

[हिन्दी]

श्री जी.एम. बनातवाला (पोन्नानी) : जनाबे स्पीकर साहब, साबिक सदरे जमहूरिया, डा. शंकर दयाल शर्मा और छः दीगर अराकीन के इंतकाल-ए-पुरमलाल पर ईवान में रंज, गम और अफसोस का इज़हार किया गया है । मुस्लिम लीग इसमें बराबर की शरीक है । जहां तक साबिक सदरे जमहूरिया डा. शंकर दयाल शर्मा जी का ताल्लुक है, वे यादों की एक बारात है, किस-किस का जिक्र किया जाए लेकिन मैं एक वाकया का जिक्र करना जरूरी समझता हूं । डा. शंकर दयाल शर्मा जी हमारे मुल्क हिन्दुस्तान के सदरे जमहूरिया थे ।

जबकि ये वाकया पेश आया कि बाबरी मस्जिद की शहादत हुई, हम अपने टूटे हुए दिलों के साथ रंजो गम आया कि बाबरी मस्जिद की शहादत हुई, हम अपने टूटे हुए दिलों के साथ रंजो गम और कर्ब के साथ उनकी खिदमत में हाजिर हुए थे । उन्होंने हमारे जख्म पर फाहा रखा, हमें दिलासा दिया, हमें ढाढस बंधाया, हमसे कहा कि हिन्दुस्तान के जम्हूरी मिजाज पर भरोसा रखा जाये ।

यकीनन हमारे मुल्क ने एक अजीम सपूत खो दिया है । ऐसी अजीम हस्तियों के बारे में शायर कहता है :

"मत सहल हमें जानो, फिरता फलक बरसों,
तब खाक के परदे से इन्सान निकलता है"
हम खिराजे अकीदत पेश करते हैं ।

جناب جی۔ ایم۔ بنات والا (پوننانی): جناب اسپیکر صاحب، سابق صدر جمہوریہ، ڈاکٹر شنکر دیال شرما اور چھ دیگر اراکین کے انتقال پُر ملال پر ایوان میں رنج و غم اور افسوس کا اظہار کیا گیا ہے۔ مسلم لیگ اسمیں برابر کی شریک ہے۔ جہاں تک سابق صدر جمہوریہ، ڈاکٹر شنکر دیال شرما جی کا تعلق ہے، یادوں کی ایک بارات ہے، کس کس کا ذکر کیا جائے۔ لیکن میں ایک واقعہ کا ذکر کرنا ضروری سمجھتا ہوں۔ ڈاکٹر شنکر دیال شرما جی ہمارے ملک ہندوستان کے صدر جمہوریہ تھے۔ جب یہ واقعہ پیش آیا کہ بابری مسجد کی شہادت ہوئی، ہم اپنے ٹوٹے ہوئے دلوں کے ساتھ، رنج و غم اور کرب کے ساتھ انکی خدمت میں حاضر ہوئے تھے۔ انہوں نے ہمارے زخم پر پھایا رکھا، ہمیں دلاسا دیا، ہمیں ڈھارس بندھائی، ہم سے کہا کہ ہندوستان کی جمہوری نظام پر بھروسہ رکھا جائے۔

یقیناً ہمارے ملک نے ایک عظیم سپوت کھو دیا ہے۔ ایسی عظیم ہستیوں کے بارے میں شاعر کہتا ہے کہ:

مت سہل ہمیں جانو، پھرتا فلک برسوں
تب خاک کے پردے سے انسان نکلتا ہے۔

ہم خراج عقیدت پیش کرتے ہیں۔

अध्यक्ष महोदय : अब सदस्यगण दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़े रहेंगे ।

अपराह्न 1.50½ बजे

तत्पश्चात् सदस्यगण थोड़ी देर मौन खड़े रहे।

अपराह्न 1.51 बजे

सभा पटल पर रखे गए पत्र

[हिन्दी]

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार) : अध्यक्ष महोदय, मैं संविधान के अनुच्छेद 123 (2)(क) के अन्तर्गत निम्नलिखित अध्यादेशों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं :

(1) राष्ट्रपति द्वारा 17 जनवरी, 2000 को प्रख्यापित बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को देय ऋणों की वसूली (संशोधन) अध्यादेश, 2000 (2000 का संख्यांक 1)।

[ग्रंथालय में रखी गयी । देखिए संख्या एल.टी. 1290/2000]

(2) राष्ट्रपति द्वारा 24 जनवरी, 2000 को प्रख्यापित भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (संशोधन) अध्यादेश, 2000 (2000 का संख्यांक 2) ।

[ग्रंथालय में रखी गयी । देखिए संख्या एल.टी. 1291/2000]

अपराह्न 1.51½ बजे

राज्य सभा द्वारा यथापारित विधेयक

[अनुवाद]

महासचिव : महोदय, मैं मिजोरम विश्वविद्यालय विधेयक, 1999, राज्य सभा द्वारा यथापारित, सभा पटल पर रखता हूँ ।

अध्यक्ष महोदय : सभा कल 24 फरवरी, 2000 को पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत होने के लिए स्थगित होती है ।

अपराह्न 1.52 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा गुरुवार 24 फरवरी, 2000/5 फाल्गुन, 1921 (शक) के अपराह्न ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई ।

लोक सभा वाद-विवाद (हिन्दी संस्करण)

बुधवार, 23 फरवरी, 2000/ 4 फाल्गुन, 1921 (शक)

का

शुद्धि-पत्र

कॉलम	पंक्ति	के स्थान पर	पढ़ें
iv	3	गामीलन, श्री जाबोम	गामीलन, श्री जारबोम
v	10	चौधरी, श्री राम टलह	चौधरी, श्री राम टहल
vii	26	बालयोगी, श्री जी.एस.सी.	बालयोगी, श्री जी.एम.सी.
(x)	7	रेड्डी, श्री चाडा सुरोश	रेड्डी, श्री चाडा सुरेश
(xv)	-	श्रीमती विजय चक्रवर्ती	श्रीमती विजया चक्रवर्ती
(xvi)	-	श्री टीस्व.वाओबा सिंह	श्री टीस्व.चाओबा सिंह
1	5	अपराह्न 11.00 बजे	अपराह्न 1.00 बजे

© 2000 प्रतिलिप्यधिकार लोक सभा सचिवालय

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम (नौवां संस्करण) के नियम 379 और 382 के अंतर्गत प्रकाशित और
नैशनल प्रिंटर्स, 20/3, वैस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली–110008 द्वारा मुद्रित।